आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 09.08.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल ओबेदुल्लागंज में 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली रेल कोच इकाई का करेंगे भूमि पूजन।
- मुख्यमंत्री ने कहा- पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना से आगर-मालवा भी होगा लाभान्वित, रेल सुविधा की भी मिलेगी सौगात।
- प्रदेश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन।
- विश्व आदिवासी दिवस पर बड़वानी, डिंडोरी, धार, झाबुआ सहित विभिन्न जिलों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम।

**रेल कोच फैक्ट्री**

केन्दीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल रायसेन जिले के ओबेदुल्लागंज में रेल कोच इकाई का भूमिपूजन करेंगे। ग्राम उमरिया में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली ब्रहमा परियोजना यानी बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग से राजधानी भोपाल सहित रायसेन, सीहोर और विदिशा आदि जिलों को लाभ होगा। और करीब 5 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे, साथ ही इन जिलों के तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस इकाई के शुरू होने पर यहां वंदे भारत-अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोच का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न सिर्फ राजधानी क्षेत्र बल्कि प्रदेश के विकास को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना से निकट स्थित औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप भी लाभान्वित होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा उत्पाद सचिव संजीव कुमार, रेलवे बोर्ड के

अध्यक्ष सतीश कुमार, भारत अर्थ मूवर्स परियोजना के अध्यक्ष शांतनु राय मौजूद रहेंगे।

**प्रधानमंत्री कर्नाटक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कर्नाटक के एक दिन के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें बेंगलुरु से बेलगावी, अमृतसर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर से पुणे जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

प्रधानमंत्री बाद में बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री मोदी आर. वी. रोड, रागीगुड्डा से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी भी करेंगे। वे बेंगलुरु में शहरी संपर्क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान, श्री मोदी 15 हजार छह सौ 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बेंगलुरु मेट्रो के तीसरे चरण के परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना की कुल लंबाई 44 किलोमीटर से अधिक होगी और इसमें 31 एलिवेटेड स्टेशन होंगे।

**मुख्यमंत्री-रक्षाबंधन**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का बड़ा लाभ आगर-मालवा जिले को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे जिले के हर एक गांव और कस्बे को पीने का पानी मिलेगा साथ ही यहां के एक-एक खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा। आज आगरमालवा में आयोजित हुए रक्षाबंधन पर्व एवं दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी महिला सशक्तिकरण और उनके विकास के लिये कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमारे तीज-त्यौहार, भारतीय संस्कृति और संस्कार पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान रखते है। मुख्यमंत्री ने शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए दिव्यांग शब्द देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। उन्होंने यहां दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण का वितरण भी किया।

उन्होंने कहा कि आगरमालवा जिले को चारलेन सड़क तथा रेल मार्ग की सौगात भी दी जाएगी।

**कर्नाटक - वायु सेना प्रमुख**

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पाँच लड़ाकू विमान मार गिराए। आज बेंगलुरु में आयोजित 16वें एयर चीफ मार्शल एल.एम. कात्रे व्याख्यान को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भारत ने पाकिस्तानी वायु सेना के पाँच विमान और एक ए.डब्ल्यू.ए.सी.एस. विमान मार गिराया। वीडियो फुटेज के साथ विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास कम से कम पाँच लड़ाकू विमानों के मार गिराने की पुष्टि हुई है। उन्होंने शाहबाज़ जैकबाबाद हवाई अड्डे पर हुए हमलों का भी ज़िक्र किया, जिसमें हमारी मिसाइलों ने एफ-16 जैसे कुछ विमानों को नष्ट कर दिया था। उन्होंने बताया कि भारतीय हमले सोच-समझकर किए गए थे और तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण समन्वय था। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणालियों ने शानदार काम किया।

**रक्षाबंधन पर्व**

भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार पूरे देश में उत्साह और परम्परागत रूप से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखी बांधकर उनकी समृद्धि की कामना की। वहीं भाईयों ने बहनों को उपहार भेट कर उनकी रक्षा का वचन दिया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। राज्यपाल श्री पटेल को भोपाल के एस.ओ.एस. बालग्राम, नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की बालिकाओं और प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने राखी बांधी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन के अवसर पर एक अनोखी पहल की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड़ को राखी बांधी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के संबंध का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का भी संदेश देता है। छिंदवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया है

कि जिले में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया। अमरवाड़ा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दीदीयों ने उप जेल अमरवाड़ा पहुंचकर बंदियों को रक्षा सूत्र बांधा।

बड़वानी में भी सलाखों के पीछे कैद भाइयों को राखी बांधने बहनें जेल पहुंचीं, इस दौरान उनके जल्द रिहा होने की प्रार्थना  की। सीहोर, आगरमालवा जिले में आज भाई और बहनों के प्रेम का पर्व रक्षा बंधन पारंपरिक उत्साह और साथ मनाया गया। गुना में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने लाड़ली लक्ष्मी एवं लाड़ली बहना योजना से जुड़ी बहनों के साथ हर्षोल्लास से त्योहार मनाया। कलेक्टर निवास पर आयोजित इस स्नेहिल समारोह में बहनों ने कलेक्टर श्री कन्याल को राखी बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की। उधर निवाड़ी और शहडोल में भी जेल में बंद कैदी भाइयों को बहनों ने राखी बांधी। शिवपुरी, सतना जेल में रक्षाबंधन के पर्व को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई, ताकि बहनें कैदी भाइयों के साथ रक्षाबंधन मना सकें। जबलपुर में सामाजिक संगठनों ने सड़क किनारे गरीब और याचकों को राखी बांधने के साथ भोजन और उपहार बांटे। नर्मदापुरम में राखी बाज़ारों में ऑपरेशन सिंदूर का असर देखने को मिल रहा है। इस बार बाजार में सिंदूरी रंग की राखियां बहनों को काफी पसंद आईं। खंडवा में श्रावण पूर्णिमा के दिन शहर में रक्षाबंधन का पर्व धर्म और संस्कृति के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**विश्व आदिवासी दिवस**

आज प्रदेश में भी विश्व आदिवासी दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न जिलों से राजधानी भोपाल आए समाज के लोगों ने रानी कमलापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां पहुंचे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने समाजजनों को संबोधित किया। मंडला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि ईएमआरएस मंडला में विश्व आदिवासी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आदिवासी परंपराओं, संगीत और नृत्य की समृद्ध झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का संदेश था– जनजातीय गौरव, भारत का अभिमान जो हमारी स्वदेशी धरोहर के सम्मान और संरक्षण का

प्रतीक है। बड़वानी जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों आदिवासी समाज के लोग एकत्रित हुए। यहां महिलाएं, पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। सीहोर में विश्व आदिवासी दिवस रैली में आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। धार, झाबुआ, खंडवा में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**मौसम**

प्रदेश में रक्षाबंधन के दिन मौसम के दो रंग देखने को मिले। जहां इंदौर और उज्जैन संभाग के **15** में से **13** जिलों में बारिश नहीं हुई और लोग उमस से परेशान रहे, वहीं राजधानी भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे और कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के  पूर्वी और उत्तरी हिस्से के **9** जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई है। इससे पहले शुक्रवार को भी सीधी, मंडला समेत **12** जिलों में बारिश हुई थी। विभाग ने आज श्योपुर, मुरैना, पन्ना, कटनी, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी और बालाघाट में तेज बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

संक्षिप्त समाचार

- राजगढ़ में कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने गोपाल महिला मंडल में आश्रयरत विभिन्न प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं से राखी बंधवाई और उन्हें स्नेहपूर्व उपहार भेंट किए। इस भावनात्मक पल में भाई-बहन के रिश्ते का अनूठा स्वरुप देखने को मिला।

- भारत छोड़ो आंदोलन की पूर्व संध्या पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, इंदौर ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदा नगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में तिरंगे पर केंद्रित रंगोली प्रतियोगिताएं हुईं। यह अभियान **15** अगस्त तक जारी रहेगा।

- शहडोल जिले में सर्पदंश रोकने और सांपों के संरक्षण के लिए वन विभाग सर्प मित्र तैयार कर रहा है। इन्हें उपकरण और मानदेय दिया

जाएगा। डीएफओ श्रद्धा पेंद्रे ने बताया कि कार्यशालाओं में सांप पकड़ने और काटने पर प्राथमिक उपचार की जानकारी दी जा रही है।

---------------------